भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY
☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय (प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

दैनिक जागरण

Office of the Registrar (Press & Publicity Cell)

दिनांक : **15.01.2019**

आइआइटी के छात्रों ने 24 घंटे किया प्रोजेक्ट पर काम

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू में सोमवार को 24 घंटे के लिए हैकेथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता संस्थान स्थित मालवीय सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप में बनी सिस्को लैब में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता मे लगातार 24 घंटों के लिए छात्रों ने लैब में बैठकर अपने प्रोजेक्ट पर काम किया।

प्रतियोगिता में छात्र क्षितिज पांडेय और युगल सिंह की टीम 'निरोल' व छात्र अमर राजपूत और सक्षम की टीम 'क्यूलॉक' ओवरऑल चैंपियन रही। सिस्को लैब में छात्रों ने 24 घंटे अपने इंटरनेट आफ थिंग्स से संबंधित प्रोजेक्ट पर काम किया। समन्वयक प्रो. मिश्रा ने बताया कि छात्रों को इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रोजेक्ट बनाने का मौका मिला। साथ ही उनको बिजनेस मॉडल बना कर अपना स्टार्टअप खोलने में भी मदद मिलेगी। प्रतियोगिता के जज प्रो. एसएन उपाध्याय रहे।

दिखाई प्रतिभा

- प्रतियोगिता में निरोल और क्यूलॉक टीम ओवरआल चैंपियन
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू में हैकेथॉन का हुआ आयोजन